दिनांक : 25.12.2021

प्रेस-विज्ञप्ति

''कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर भिलाई में रामकथा का सफल द्वितीय दिवस''

शिवानंद योग निकेतन नेहरू नगर, भिलाई के तत्वाधान में विगत 15 वर्षों से श्री रामकथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

इस वर्ष कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर, भिलाई में रामकथा का द्वितीय दिवस कथा व्यास **पं. श्री नीलमणि जी दीक्षित** (नित्य सत्संग मंडल, दमोह, मध्यप्रदेश) द्वारा किया गया है।

कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरू नगर एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जो हमेशा ही भारतीय संस्कृति व परंपराओं के संरक्षण व विकास हेतु प्रयत्नशील रहा है। आज उसी परंपरा को बनाए रखते हुए पाँच दिवसीय इस कार्यक्रम का श्री एम. एम. त्रिपाठी, चेयरमेन कृष्णा ग्रुप के मार्गदर्शन में कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई में रामकथा का दूसरा दिवस सफल रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम अपराह्न 3 बजे से 6 बजे तक हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृत के प्रकाण्ड पंडित श्री सतीश त्रिपाठी जी के मंत्रोच्चारण के साथ श्री एम. एम. त्रिपाठी जी, पं. श्री नीलमणि जी दीक्षित दमोह (म. प्र.) तथा संस्था के सभी गणमाण्य अतिथियों ने सरस्वती माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

तत्पश्चात् श्री गोपीकांत जी गोस्वामी तथा उनकी धर्मपत्नी के द्वारा रामचरित मानस का ग्रंथ पूजन किया गया।

शिवानंद योग निकेतन संस्था के कार्यकर्ता श्री ओम प्रकाश गुप्ता जी, श्री जगदीश तिवारी जी, श्री जी.पी. दुबे जी आदि ने श्री नीलमणि जी दीक्षित व श्री एम. एम. त्रिपाठी जी का माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया।

कथा व्यास पंडित नीलमणि दीक्षित नित्य सत्संग मंडल दमोह के श्रीमुख से भक्तगण श्रीराम कथा का आलौकिक आनंद प्राप्त किए।

उन्होंने कथा के द्वितीय दिवस में अपने श्रीमुख से प्रवचन व गायन के माध्यम से मनु की तपस्या के उपरांत राम राज्य की अवधारणा फलीभूत करने हेतु दशरथ तथा कौशल्या के यहाँ पुत्र के रूप में नीलवर्ण, चुंबकीय आकर्षण वाले, अत्यंत तेजोमय परम कांतिवान तथा अत्यंत सुंदर राम के जन्म की कथा और चारों भाइयों के नामकरण की महिमा का व्याख्यान किया, जिसे सुनकर भक्तगण मंत्र मुग्ध हो गए।

‘राम रघुवर की प्राणपिया भजो रे मन सिया सिया’ के सुमधुर गायन से प्रांगण भक्तिमय होकर झूम उठा।

स्टील सिटी भिलाई छत्तीसगढ़ के सुविख्यात शिक्षाविद्, कर्मयोगी, अध्यात्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक विषयों के ज्ञाता, कथावाचक व कुशल वक्ता श्री एम. एम. त्रिपाठी चेयरमेन कृष्णा ग्रुप ने कार्यक्रम में श्री नीलमणि दीक्षित जी की अद्वितीय, अविस्मरणीय भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने मंचस्थ पूज्यवर रामचरित मानस की पीयूष धारा को प्रवाहित कर जनमानस को धन्य करने वाला कहकर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित श्री आनंद त्रिपाठी, श्री प्रमोद त्रिपाठी, श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्री नरेश खोषला तथा सभी भक्तगण व श्रोतागणों का धन्यवाद ज्ञापित किया और अपने उद्‌बोधन में राम व भरत की रूप समानता व आपसी प्रेम की चर्चा की। उन्होंने अपने शब्दों में यह भी बताया कि संसार में जड़ हो या चेतन दोनों की ही गति ईश्वर के चरणों में ही होती है। उन्होंने कैकयी के रूप सौंदर्य, कुशल सारथी व गुणवत्ता की चर्चा करते हुए दशरथ के जीवन में उनके स्थान का वर्णन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। उनके सुमधुर शब्दों व व्याख्यान से भक्तगण भक्ति के सागर में सराबोर हो रहे थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवानंद योग निकेतन संस्था के सभी कार्यकर्ता, कृष्णा आर्टस् एवं म्यूजिक कॉलेज की प्रध्यापिका श्रीमती ज्योति शर्मा, अध्यापिका श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती ऊषा, श्रीमती रीतू मेनन तथा समाज सेवक श्री नरेश खोषला जी, मंच संचालक श्रीमती सुनीता त्रिपाठी तथा श्री रमेश तिवारी जी का सहयोग सराहनीय रहा।

शिवानंद योग निकेतन के तत्वावधान में
श्री राम कथा
पं. श्री नीलमणि जी दीक्षित

KPS